**Need to take stringent action against illegal mining of sand and soil in Amroha and Hapur districts, Uttar Pradesh.-laid**

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा)**:लोकसभा क्षेत्र अमरोहा के जनपद अमरोहा एवं हापुड़ में गंगा के दोनों तरफ रेत का अवैध खनन जोरों पर है एवं दोनों जिले अमरोहा व हापुड़ में मिट्टी की अवैध खनन भी चरन पर है। हालात यह हो चुके हैं कि खनन की बढ़ती रफ्तार से क्षेत्र गहरा होता जा रहा है। लेकिन अधिकारी कथित रूप से आंखें मूंदे बैठे हैं। जिसकी वजह से प्रकृति को भारी नुकसान हो रहा है। कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अवैध खनन जोर पकड़ता जा रहा है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर कभी-कभी कुछ डंपरों को सीज तो करते हैं लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण उनके हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। यहाँ रात में ही नहीं बल्कि दिन में भी अवैध खनन किया जा रहा है।

अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। अतः सरकार से मेरी मांग है कि जल्द से जल्द इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाये।